**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तरालेख ।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 6(क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि आगरा जनपद में फतेहाबाद रोड पर स्थित जे0पी0 पैलेस होटल (फाइव स्टार होटल) संचालित है इस होटल को उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा रियायती दर पर कुछ शर्तों के अधीन भूमि आवंटित की गयी थी ? | आगरा जनपद में फतेहाबाद रोड पर जे0पी0 पैलेस होटल (5 स्टार होटल) वर्तमान में संचालित है, जिस भूमि पर यह होटल संचालित है वह भूमि उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 की अंशपूंजी है । उ0प्र0 शासन द्वारा सम्यक विचारोपरांत शासनादेश संख्या-1540/41-92-10, दिनांक 30.03.1992 द्वारा उक्त भूमि पर्यटन निगम को हस्तांतरित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी । |
| (ख) होटल को जिन शर्तों के साथ भूमि दी गयी थी उसका अनुबंध पत्र/सेल डीड/लीज डीड क्या है ? | होटल को जिन शर्तों के साथ भूमि दी गयी है उसकी लीज डीड निष्पादित है । |
| (ग) क्या होटल की स्थापना से आज तक होटल के द्वारा इन शर्तों को पूर्ण नहीं किया जा रहा है ? | मैसर्स जय प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा लीज अवधि के दौरान अनुबन्ध में निहित व्यवस्थानुसार पर्यटन निगम को ससमय भुगतान करते हुए शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है । |
| (घ) क्या जिन शर्तों के तहत भूमि होटल को आवंटित की गई थी उन शर्तों में इस होटल के द्वारा अब तक किन शर्तों को पूर्ण किया गया है ? | मैसर्स जय प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा लीज अवधि के दौरान अनुबन्ध में निहित व्यवस्थानुसार शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है । |
| (ड) वर्तमान में नियमों के अन्तर्गत यदि यह होटल किसी को कन्वेंशन सेन्टर के रूप में प्रयोग करने देते है तो हजारों रूपयें थाली का चार्ज लगाकर लाखों रूपये का बिल गरीब जनता से लेना चाहते है जिस कारण गरीब जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है ? | सम्बन्धित होटल पंच सितारा है, होटल को प्रयोगार्थ लेने पर होटल की दरों के आधार पर भुगतान देय होता है । |
| (च) यदि होटल के द्वारा जो अनियमितता की जा रही है तो इस अनियमितता के कारण इसकी जमीन आवंटन निरस्त कर क्या उत्तर प्रदेश सरकार इसका पुन: अधिग्रहण करेगी ? | सम्बन्धित संबंधित होटल के सम्बन्ध में अद्यावधि तक कोई अनियमितता प्रकाश में नहीं आयी है । अत: आवंटन निरस्त करने की आवश्यकता नहीं है । |

जयवीर सिंह<br>
मंत्री ।